प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 12.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ आज काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या में श्री रामलला का किया दर्शन पूजन : दोनों देशों के रिश्तों की मजबूती का मांगा आशीर्वाद।
2. सी. पी. राधाकृष्णन ने आज भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीं शुभकामनाएं।
3. केंद्रीय राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल ने आज लखनऊ में सहकारिता विभाग के एम–पैक्स सदस्यता महाअभियान का किया शुभारंभ : कहा– ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा अभियान।

और

4. प्रदेश में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाया जायेगा सेवा पर्व : सभी 75 जनपदों में जनसहभागिता से राज्य सरकार लगायेगी 15 लाख पौधे।

————————

मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने अपनी पत्नी वीना रामगुलाम और करीब 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ आज अयोध्या में श्री रामलला का दर्शन पूजन किया। प्रधानमंत्री ने भगवान राम से दोनों

देशों के रिश्तों की मजबूती का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री का यह दौरा भारत और मॉरीशस के बीच सांस्कृतिक एकता का जीवंत प्रतीक है। पेश है एक रिपोर्ट....

*मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम ने सबसे पहले भगवान श्रीराम के मंदिर में पत्नी के साथ विधि–विधान से दर्शन–पूजन कर लोक कल्याण की कामना की। उन्होंने श्री रामलला की आरती उतारी और करीब आधा घंटे तक परिसर में रहकर मंदिर निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। इससे पूर्व महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री का औपचारिक स्वागत किया। इस दौरान ढोल–नगाड़ों और शंखनाद की गूंज ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। अयोध्या में प्रधानमंत्री के आगमन पर तगड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। एयरपोर्ट से लेकर मंदिर तक चप्पे–चप्पेपर पुलिस व सुरक्षा बल तैनात थे। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

इससे पूर्व तीन दिवसीय दौरे के आखिरी दिन मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ नवीनचंद्र रामगुलाम ने आज वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ दरबार में दर्शन पूजन कर पावन ज्योर्तिलिंग का अभिषेक किया। वाराणसी दौरे को लकर मॉरीशस के प्रधानमंत्री के साथ आए शिष्टमंडल ने सरकार और काशीवासियों का धन्यवाद किया। मॉरीशस के वित्तीय सेवाओं की मंत्री ज्योति जीतुन ने वाराणसी दौरे को यादगार बताया। बाइट.....

*वाराणसी का जो स्वागत था वो एकदम से एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी था यहाँ के लोग यहाँ के गवर्नमेंट यहाँ के सभी को हमारे दिल छूट कल रात गंगा*

*आरती किया वो तो एकदम ओंस इन आ लाइफ टाइम एक्सपीरियंस है और आज जो किया वो भी मेमोरेबल डे।*

——————————

सी.पी. राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति बन गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में उन्हें पद की शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उपराष्ट्रपति को जनता की सेवा समर्पित सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि श्री राधाकृष्णन समर्पित लोक सेवक हैं और उन्होंने पूरा जीवन राष्ट्र निर्माण, सामाजिक कार्य और लोकतंत्र को मजबूत करने में समर्पित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी श्री राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण पर बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री राधाकृष्णन के नेतृत्व में लोकतंत्र की मर्यादा, संवाद की संस्कृति और राष्ट्रहित का संकल्प और सशक्त होगा तथा भारत की गौरवपूर्ण यात्रा को नई ऊंचाइयां प्राप्त होंगी।

——————————

केंद्रीय नागरिक उड्डयन और सहकारिता राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल ने आज लखनऊ में प्रदेश के सहकारिता विभाग के एम–पैक्स सदस्यता महाअभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में उन्होंने सहकार, कृषि एवं संबंधित संस्थाओं के स्टॉल्स का

अवलोकन किया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के संदर्भ में, 2025 को सहकारिता समितियों के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने सहकारिता सदस्यता अभियान को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सक्षम बनाए जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

बाइट.....

*आज यह अभियान शुरू हुआ एक महीना आगे चलेगा। आज हम वैश्विक स्तर पर देखें तो चौथी अर्थव्यवस्था बनी है। हमें आगे जाना है तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था सक्षम बनाने का हमें प्रयास करना चाहिए। इसलिए माननीय मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सहकारिता मंत्रालय यह बहुत अच्छा प्रयास चल रहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था सक्षम बनाई जाए।*

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर—जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री का यह सपना तीन सितंबर को साकार हुआ जब जीएसटी परिषद ने नागरिकों का जीवन सरल बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर की दरें कम करने को मंजूरी दे दी। आज हम कर मुक्त वस्तुओं पर नजर डालते हैं। एक रिपोर्ट.....

*जीएसटी सुधारो के अंतर्गत सरकार ने कई आवश्यक वस्तुओं को कर मुक्तकर आम आदमी पर पड़ने वाले जीएसटी के बोझ को कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नए कर ढांचे के तहत रोजमर्रा इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुएं जैसे अल्ट्रा हाई टेंपरेचर दूध, बिना ब्रांड वाले चावल, गेहूं और दलों को जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। इसके अलावा सभी प्रकार*

*के ब्रेड को भी निल जीएसटी स्लैब में रखा गया है जिससे वह लोगों के लिए औरभी अधिक किफायती हो गई हैं। लोगों पर कर के बोझ को कम करने और प्रीमियम को अधिककिफायती बनाने के लिए नए ढांचे के तहत जीवन और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम को भीटैक्स से मुक्त किया गया है। यह निर्णय लोगों को स्वास्थ्य बीमा को व्यापक रूप सेअपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। देश भर के लोगों द्वारा भी सरकार के इस निर्णयका स्वागत किया जा रहा है। मीडिया से बातचीत में एक आम नागरिक निमिष जैन ने कहा किसरकार ने त्योहारों के सीजन से पहले टैक्स घटकर लोगों को एक बड़ा तोहफा दिया है।नई जीएसटी दरें इस महीने की 22 तारीख से लागू होंगी। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**नेपाल में जारी संकट के मद्देनज़र सीमा से लगे प्रदेश में के सभी जिलों में हाई अलर्ट जारी है। प्रदेश के सीमावर्ती ज़िलों मेंबॉर्डर पर आवाजाही रोक दी गई है। पीलीभीत में एसएसबी, पीएसी और पुलिस की संयुक्त टीम कानून–व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिये पेट्रोलिंग कर रही है। सरकार ने भारतीय नागरिकों को स्थिति**

सामान्य होने तक नेपाल की यात्रा न करने की सलाह दी है।

——————————

17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान प्रदेश सरकार राज्य में 15 लाख पौधरोपण कराएगी। प्रमुख सचिव वन और पर्यावरण अनिल कुमार ने बताया कि सभी 75 जनपदों में जनसहभागिता के माध्यम से पौधरोपण कराने के लिए प्रभागीय वनाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*सेवा पर्व के दौरान देश में 1.25 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। इसमें से राज्य सरकार ने प्रदेश में 15 लाख पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है। पौधरोपण महाभियान–2025 के मिशन निदेशक दीपक कुमार ने बताया किसेवा पर्व के शुभारंभ पर उत्तर प्रदेश के 34 नगरवन–वाटिका में कम से कम 100–100पौधे लगाना अनिवार्य है। इस दौरान पौधरोपण के अलावा पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान, वर्षाजल संचयन समेत अनेक अभियान भी चलाए जाएंगे। हर जनपद में प्रभागीय वनाधिकारी इसके नोडल अफसर होंगे। जिला स्तर पर विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत को लेकर प्रबुद्ध वर्ग संवाद में वन–वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता जैसे विषयों पर डीएफओ प्रतिभाग भी करेंगे। आयोजन को लेकर वन विभाग की तरफ से व्यापक तैयारी की जा रही है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

——————————

भारत निर्वाचन आयोग ने आज नई दिल्ली में सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के कार्यालयों के मीडिया एवं संचार अधिकारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

किया। कार्यशाला में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया से जुड़े मीडिया एवं सोशल मीडिया के दृष्टिकोण से एक विशेष सत्र भी आयोजित किया गया।

———————

पर्यटन विभाग ने सम्भल जिले में प्राचीन तीर्थ स्थलों और ऐतिहासिक कूपों के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए पांच करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि परियोजना के तहत प्राचीन स्थलों पर पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं, साफ–सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, शौचालय, पेयजल व मार्गदर्शन केंद्र जैसी व्यवस्था विकसित की जाएंगी।

———————

लखनऊ के काकोरी क्षेत्र में बीती देर रात एक रोडवेज बस के पलट जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और 10 से ज्यादा लोग घायल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से दुर्घटना से प्रभावित लोगों को हर संभव मदद मुहैया कराने को कहा है।

———————

रुक–रुक कर हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियां उफान पर हैं। गाजीपुर और बलिया में गंगा, मथुरा और इटावा में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। प्रदेश के 29

**जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। सरकार की तरफ से राहत और बचाव कार्य जारी है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 1000 से अधिक बाढ चौकियां सक्रिय हैं।**

**(समाप्त)**